Merchandise Act, Foreign Exchange Regulation Act etc There is no misuse of Government approval in this regard.

देश में ऊर्जा का विकास

*72. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पहली योजना से लेकर सातवीं योजना तक देश में ऊर्जा के विकास संसाधनों के विकास और उपयोगिता दर के संबंध में स्थिति क्या रही है तथा देश अपनी ऊर्जा संबंधी आवश्यकताओं में कहां तक पिछड़ा हुआ है और इस कमी को कब तक पूरा कर लिए जाने की संभावना है और इस दिशा में क्या-क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और

(ख) इस संबंध में विशेषज्ञों से कब परामर्श किया गया था, उनकी क्या राय थी तथा उसे देखते हुए सरकार द्वारा क्या अनुवर्ती कार्यवाही आरम्भ की गई है ?

ऊर्जा मंत्रालय में विद्युत विभाग में राज्य मंत्री (श्रीमती सुशीला रोहतगी) : (क) देश में विद्युत उत्पादन क्षमता पहली योजना के प्रारम्भ में लगभग 1700 मेगावाट से बढ़कर सातवीं योजना के दूसरे वर्ष के अन्त तक लगभग 49300 मेगावाट हो गई है। बिजली का उत्पादन वर्ष 1950 में 5.1 बिलियन यूनिट से बढ़कर 1986-87 में 187.5 बिलियन यूनिट हो गया है। वर्ष 1986-87 के दौरान ऊर्जा की कमी 9.4% थी। यह अनुमान लगाया गया है कि सातवीं योजना के दौरान 22245 मेगावाट क्षमता की वृद्धि हो जाने से ऊर्जा की कमी घटकर 5.4% रह जाएगी।

पहली और छठी योजनाओं के अन्तिम वर्षों में कोयले का उत्पादन क्रमशः क्रमशः 38.23 और 147.41 मिलियन टन होने का अनुमान लगाया गया है। सातवीं योजना के अन्तिम वर्ष के दौरान उत्पादन लक्ष्य 226 मिलियन टन का है। यह लक्ष्य 1989-90 में कोयले की प्रत्याशित आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए रखा गया है।

देश में कच्चे तेल का उत्पादन 1950-51 में 0.26 मिलियन टन से बढ़कर 1984-85 में 28.99 मिलियन टन हो गया है। सातवीं योजना के अन्त तक इसके बढ़कर 34.53 मिलियन यनिट हो जाने की संभावना है। तेल के मामले में आत्म निर्भरता की मात्रा 1976-77 में 34.7% से बढ़कर 1989-90 में 61.0% हो जाने की संभावना है।

ऊर्जा की उपलब्धता में वृद्धि करने के लिए किए गए उपायों में ये शामिल हैं; नई विद्युत उत्पादन क्षमता में शीघ्र वृद्धि करना, विद्यमान क्षमता का बेहतर समुपयोजन करना, पारेषण और वितरण हानियों को कम करना, कोयले की खोज और उत्खनन के लिए नई प्रौद्योगिकियां लागू करना, तेल की खोज संबंधी कार्य को गहन करना, तेल को निकालने की तकनीक में सुधार करना, तेल शोधक कारखानों में होने वाली हानियों को कम करना, नए और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का विकास करना तथा मांग प्रबंध एवं ऊर्जा संरक्षण संबंधी उपायों को क्रियान्वित करना।

(ख) ऊर्जा के क्षेत्र में कार्यक्रमों की आयोजना और क्रियान्वयन पूर्णतः विशेषज्ञों की सलाह पर किया जाता है, जिसका सतत आधार पर उपयोग किया जाता है।

Amount of royalty on oil paid be Gujarat

73. SHRI SHANKER SINH VAGHELA; Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state;

(a) the amount of royalty raid to Gujarat Government on oil produced in Gujarat during the last three years, yearwise;